पर कंटीले तारों को लगाने से देश में तस्करी और अवैध घुसपैठ को रोकने में काफी सफलता मिली है;

(ख) देश की कुल कितनी लम्बी सीमा पर कंटीले तार लगाने का काम पूरा हो गया है; और

(ग) सरकार ने सीमा के शेष कितने क्षेत्र में कंटीले तार लगाने की योजना को मंजूरी दी है और शेष सीमा पर कंटीले तार कब तक लगाए जाने की सम्भावना है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) देश की सीमा की कुल लम्बाई जिस पर कंटीली तार लगाने का कार्य पूरा किया गया है, निम्न प्रकार से है :—

भारत पाकिस्तान सीमा :

पंजाब	356.31 कि० मी०
राजस्थान	202.00 कि० मी०

(ग) **भारत-बंगलादेश सीमा :**

असम	36.57 कि० मी०
मेघालय	—

भारत-पाकिस्तान सीमा :

पंजाब	77.30 कि० मी०
राजस्थान	129.855 कि० मी०

भारत बंगलादेश सीमा :

असम	165.43 कि०मी०
मेघालय	135.00 कि० मी०

इस समय केवल संवेदनशील क्षेत्रों में बाड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है।

Fencing of Indo-Pak border

262. SHRI BEKAL UTSAHI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the total length of Indo-Pak border which has been fully fenced by barbed wire to check infiltration;

(b) whether Government have recently cleared a proposal for fencing further 91 km. border;

(c) the total length of the border yet to be fenced; and

(d) whether the entire Indo-Pak border is proposed to be fenced?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): (a) *Indo-Pak border*:

Punjab	:	356.31 Kms.
Rajasthan	:	202.00 Kms.

(b) No, Sir.

(c) Punjab	:	77.30 Kms.
Rajasthan	:	129.855 Kms.

(d) Presently only sensitive stretches are being taken up for fencing.

मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में नक्सलवादियों का आतंक

263. **डा० रत्नाकर पाण्डेय** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस आशय की कोई सूचना प्राप्त हुई है कि मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में नक्सलवादियों का आंतक बढ़ रहा है;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में मध्य प्रदेश सरकार से विस्तृत ब्यौरा मांगा है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब): (क) से (ग) सरकार को, मध्य प्रदेश,